# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक :स्था-4834 /2025 दिनाङ्क : 04 .12.2025

## कार्यालय-ज्ञाप

काशी में हुए अप्रतिम शुक्लयजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा के दण्डक्रम पारायण में अपनी असाधारण वैदिक प्रतिभा को १९ वर्ष की न्यून आयु में ही वेदमूर्ति श्री देवव्रत महेश रेखे ने अस्खलित पारायण कर प्रदर्शित किया है। उनके अभिनन्दन हेतु दिनांक ०४/१२/२०२५ को अपराह्न ४ बजे से **वेदालङ्करण समारोह** का आयोजन सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के योग साधना केन्द्र में मा॰ कुलपति महोदय की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम डॉ॰ ज्ञानेन्द्र सापकोटा, सहायक आचार्य, व्याकरण विभाग के संयोजकत्व एवं डॉ॰ विजय कुमार शर्मा, सहायक आचार्य, वेद विभाग एवं डॉ॰ दुर्गेश पाठक, सहायक आचार्य, न्याय वैशेषिक विभाग- सह संयोजकत्व में होगा। उक्त समस्त कार्यक्रम का व्यय भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र के संगोष्ठी मद से किया जाएगा।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं वाराणसी जनपद के समस्त संस्कृत महाविद्यालय/वेद पाठशालाओं के अध्यापक तथा छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षित है।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

04/12/2025

(राकेश कुमार)
आई॰ए॰एस॰
कुलसचिव

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
4. समन्वयक (IQAC/IKS)।
5. प्रभारी, उद्यान।
6. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि विश्वविद्यालय वेब-साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. समस्त प्राचार्य, संस्कृत महाविद्यालय/वैदिक पाठशाला, वाराणसी जनपद।
8. प्रभारी, सम्पत्ति कार्यालय।
9. अधीक्षक, प्रशासन/लेखा।
10. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
11. उद्यान विभाग/सम्पत्ति कार्यालय को आवश्यक व्यवस्था (वीडियो/फोटोग्राफी एवं अन्य) हेतु।
12. सम्बद्ध पत्रावली।

(राकेश कुमार)
आई॰ए॰एस॰
कुलसचिव